## विस्तृत विज्ञापन संख्या 01/2023–24

### समूह 'ख' (व्याख्याता अग्रेजी, भौतिकी, रसायन), के पदों पर भर्ती हेतु मानक एवं अनुदेश (विस्तृत विवरण)

प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राज्य सरकार से सहायता प्राप्त संस्था, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक, बडौत (बागपत) उत्तर प्रदेश में, लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर, समूह 'ख' (व्याख्याता अग्रेजी, भौतिकी, रसायन,) के निम्न विवरण के अनुसार नियमित रिक्त पदों पर भर्ती हेतु भारत के नागरिकों से इस विज्ञप्ति के द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र के साथ पुरूष अभ्यर्थी द्वारा रू0 400–00 (रूपया चार सौ मात्र) तथा महिला अभ्यर्थी द्वारा रू0 200–00 (रूपया दो सौ मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट जो "प्रधानाचार्य, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक, बड़ौत (बागपत)" के नाम देय हो संलग्न किया जायेगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर समस्त वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों व ड्राफ्ट सहित एक बन्द लिफाफे में, जिसमें ऊपर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम, लिंग (पुरूष/महिला) तथा वर्ग अंकित हो; स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक/स्वयं के माध्यम से, अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक, बड़ौत (बागपत)–250611 के पते पर भेजा जाना है। संस्था कार्यालय में आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 21 दिनों के अन्दर ही सांय 05.00 बजे तक स्वीकार्य/मान्य होंगे। डाक अथवा अन्य किसी प्रकार से उत्पन्न हुए विलम्ब के लिए संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। आयु की गणना भर्ती वर्ष 01–07–2023 के आधार पर की जायेगी।

| कम संख्या | समूह | पदनाम | वेतन बैण्ड, ग्रेड वेतन | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण एवं संख्या | | 01–07–2023 को आयु सीमा | सेवानियमावली एवं उसके पश्चात् निर्गत शासनादेशों के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ग | संख्या | | |
| 01 | ख | व्याख्याता अग्रेंजी | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या–474/सोलह –2–2020–138 (डब्लू)/99, दिनांक 16–03–2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। | अनारक्षित | 01 | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | **व्याख्याता (लेवल–9क, प्रविष्टि वेतन रू0–56100/–) की सीधी भर्ती के लिये** विज्ञान एंव मानविकी–समुचित विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। **व्याख्याता (लेवल–10, प्रविष्टि वेतन रू0 57,700/–) की सीधी भर्ती के लिये** **विज्ञान और मानविकी के लिये किसी सुसंगत विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या उसके समकक्ष और यू0जी0सी0 या** सी0एस0आई0आर0 द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) अथवा एस0एल0ई0टी0/एस0ई0टी0 जैसे यू0जी0सी0 द्वारा प्रत्यायित कोई समान परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो। |
| | | व्याख्याता भौतिकी | | अनारक्षित | 01 | | |
| | | व्याख्याता रसायन | | अनारक्षित | 01 | | |

सामान्य निर्देश –

(1) अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा अथवा साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।

(2) अभ्यर्थिओं को **नियत प्रारूप** पर आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप नीचे संलग्न है।

क्रमशः........2

CamScanner

(3) अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉं संलग्न करनी होंगी तथा साक्षात्कार के समय समस्त मूल प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा।

(4) सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अपने विभाग को सूचना देते हुए आवेदन किया जा सकता है, परन्तु साक्षात्कार के समय विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(5) नियोक्ता द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र में वेतनमान/मानदेय एवं कार्य अनुभव का प्रकार (Nature of Duty) का स्पष्ट उल्लेख होना चाहियें।

(6) अपने आवेदन पत्र के साथ रूपया 27/- का डाक टिकट लगा, स्वयं के पत्राचार का पता अंकित, लगभग (22X10 सेमी) आकार के दो सफेद लिफाफे संलग्न करना अनिवार्य है।

(7) निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त अथवा अपेक्षित सूचनाओं से रहित व ऐसे आवेदन पत्र जिस पर अभ्यर्थी का फोटो अथवा हस्ताक्षर नही होंगे, समय से प्राप्त होने पर भी सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

(8) उपरोक्त सभी पदों हेतु अन्य बातो के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थियों को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा जिसने प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो या राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

(9) इस विज्ञापन के माध्यम से भर्ती के सम्बन्ध में किसी विवाद की दशा में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा एवं आवश्यक होने पर भर्ती प्रक्रिया किसी भी स्तर पर बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(10) आवेदन पत्र के साथ पुरूष अभ्यर्थियों को रू0 400/- एवं महिला अभ्यर्थियों को रू0 200/- मात्र का रेखांकित राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट जो कि **"प्रधानाचार्य, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक बड़ौत (बागपत)"** के पक्ष में जो बडौत शाखा पर देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी/वर्ग अंकित करना अनिवार्य है।

(11) हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा, प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

(12) किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनियों द्वारा कोई वांछित/आवश्यक सूचना छिपायी जाती है अथवा उसका मिथ्यानिरूपण किया जाता है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है एवं नियमानुसार आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही भी हो सकती है।

(13) समूह 'ख' व्याख्याता, के लिए भर्ती प्रारूप संस्था की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(14) व्याख्याता के पद पर चयन की कार्यवाही लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी। व्याख्याता के पद पर चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा हेतु 80 प्रतिशत और साक्षात्कार हेतु 20 प्रतिशत अधिमान होगा तथा लिखित परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के अनुरूप होगा।

(15) समूह ख (व्याख्याता) की संख्या आवश्यकता अनुसार घटायी या बढायी जा सकती है।

(डा0 अजय कुमार त्यागी)
प्रधानाचार्य/सचिव
दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक
बडौत (बागपत)

(जे0के0 जैन)
अध्यक्ष प्रबन्ध समिति
दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक
बडौत (बागपत)

CS CamScanner